पटवारी से मारपीट करने वाले की हो गिरफ्तारी

पटवारी संघ ने ज्ञापन सौंपकर की मांग, कहा तीन दिन में गिरफ्तार नहीं तो होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

मुंगावली। मध्य प्रदेश पटवारी संघ इकाई मुंगावली द्वारा बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सोनम शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम टीला में हल्का पटवारी के साथ हुई घटना के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई। पटवारी संघ ने बताया कि 24 नवंबर 2025 को प्रात: 9 बजे ग्राम टीला में पटवारी ईश्वरचंद्र जाटव पर हमला किया गया था। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आज दिनांक तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे आरोपी का मनोबल बढ़ता जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती

जाए। पटवारी संघ ने तीन दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। संघ का कहना है कि यदि तीन दिन में आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो पटवारी संघ 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2025 तक सामूहिक अवकाश पर रहेगा। इसके बाद भी यदि गिरफ्तारी नहीं होती है तो 4 दिसंबर 2025 से अनिश्चितकालीन कलमबद्ध हड़ताल शुरू की जाएगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। संघ ने यह भी बताया कि घायल पटवारी ईश्वरचंद्र को शासकीय अस्पताल में उचित उपचार न मिलने के कारण उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संघ ने शासन से नियम अनुसार उपचार हेतु राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग भी की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पटवारी संघ तहसील अध्यक्ष कृष्णभान सिंह यादव, घनश्याम अहिरवार, मदनलाल तुमराम, भानु प्रताप तोमर, विकास वास्केल, कलिया सहरिया, गंगा बालू, रामगोपाल यादव, वीरेंद्र नरवरिया, मनोज रावत सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

भावांतर राशि का किसानों को किया वितरण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के किसानों को उनकी सोयाबीन उपज की भावांतर राशि अंतरित की जा रही है।

ुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर जिले के गौतमपुरा में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से भावांतर योजना के अंतर्गत एक लाख 34 हजार किसानों के खातों में 249 करोड रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर द्वितीय चरण में जिले के 1384 कृषकों को 02 करोड़ 88 लाख 64 हजार 213 रूपये की राशि का अंतरण किया गया। जिला स्तर पर कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी अशोकनगर में किया गया। इस

अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य, हरिओम नायक, किसान संघ के पदाधिकारी जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख, रामकिशन सिंह रघुवंशी संभागीय उपाध्याक्ष भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिला अध्याक्ष भारतीय किसान संघ,,उप संचालक कृषि अमित भदौरिया सहित अन्य किसान एवं मंडी स्टॉफ मौजूद रहा।

एक नजर में

विद्यार्थी परिषद ने फूंका पुतला

नवभारत अशोकनगर। बीती रात वीआईटी विश्वविद्यालय एवं संस्थान में छात्रों द्वारा भोजन सहित मूलभूत सुविधाओं में लापरवाही और गुणवत्ता पूर्ण न होने का विरोध शांति पूर्ण तरीके से किया जा रहा था, लेकिन पुलिस ने छात्रों के इस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों के साथ मारपीट की और उन पर दमनकारी नीति अपनाई, इसके विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वीआईटी कॉलेज प्रबंधन का पुतला दहन किया। इसके साथ ही प्रबंधन पर गंभीर आरोप भी लगाए। इस दौरान नगर मंत्री अर्चित शाक्य ने बताया कि कई महीनों से छात्रों को अस्वच्छ एवं दूषित पानी, घटिया और गुणवत्ताहीन भोजन, हॉस्टल परिसर में स्वच्छता की कमी, बीमारी और पीलिया जैसे गंभीर लक्षणों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बावजूद प्रशासन द्वारा समस्या की लगातार अनदेखी की गई, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश उत्पन्न होने के साथ उनके द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जा रहा था, लेकिन प्रबंधन ने अपनी गलती छुपाने के लिए उनके साथ मारपीट की जो कि निंदनीय है। वहीं उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि छात्रों की मूलभूत सुविधाओं में तत्काल सुधार करे, स्वच्छ पेयजल और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराए, बीमार छात्रों के उपचार की समुचित व्यवस्था करे तथा छात्रों पर बल प्रयोग करने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

नवभारत अशोकनगर। शहर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस में कथा वाचक पूज्य महाराज ने सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक और भावविभोर वर्णन किया। कथा सुनते हुए उपस्थित श्रद्धालु कई बार भावुक हो गए साथ ही पंडाल भक्ति-रस से सराबोर कथा में कलयुग के प्रभाव भी बतलाए। शहर के कबीरा रोड पर 20 नवंबर से चल रही श्री मद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ, जहां कथा वाचक पंडित जय कुमार अवस्थी के द्वारा सुदामा के निर्धन जीवन, माता सनतना की तपस्या-सदृश त्याग भावना और रोटी की जगह लाए हुए चावल की पोटली को भगवान कृष्ण से छुपाने की कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग आते ही लोग भावुक हो गए और जीवन में सच्ची मित्रता पर प्रकाश डाला। कथा वाचक ने बताया कि द्वारका में प्रवेश करने से लेकर भगवान के चरणों में गिरकर रोने तक, सुदामा का हर कदम निर्मल प्रेम का प्रतीक बताया। इस बीच कथा में भजनों के माध्यम से कथा का रस पान किया व भगवान के भजनों पर नृत्य किए ।

दो घंटे में ढूंढे गुम बालक के परिजन

नवभारत अशोकनगर। मुस्कान अभियान के तहत पुलिस द्वारा गुम बालक-बालिकाओं को उनके माता-पिताओ से मिलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को एक 3 साल के बच्चे के परिजनों को पुलिस ने दो घंटे में ढूड निकाला और उनके सुपुर्द किया। दरअसल बडे ओबरब्रिज पर यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक स्नेहा ठाकुर को एक तीन साल का बच्चा जो अपना नाम पता नहीं बता पा रहा था लाबारिस हालत में मिला, जिसे किसी अनहोनी कि आशंका के चलते थाना कोतवाली पहुंचाया गया। वहीं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित बालक के परिजनों की खोजने के लिए ड्यूटी स्टाफ को आदेशित किया। साथ ही बालक के फोटो व्हाटसअप एवं सभी मीडिया ग्रुप पर डाले गये एवं बालक को ढूंढने हेतु चीता 2 में लगे बल एवं थाने के बल को लगाया गया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद बालक ऊर्जा कालोनी अशोकनगर का होना पता चला। जिसके बाद बालक के परिजनों को बालक के गुम होने की सूचना तथा ओबरब्रिज पर लाबारिस हालत में मिलने की सूचना से अवगत कराकर सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया।

ब्राह्मण समाज में आक्रोश, वर्मा के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

आईएएस वर्मा के कथित बयान पर ब्राह्मण समाज एकजुट, कड़ी कार्यवाही की उठी मांग

नवभारत न्यूज

चंदेरी। संतोष वर्मा के कथित बयान को लेकर बुधवार को शहर में ब्राह्मण समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने रघुनाथ जी मंदिर से एसडीएम कार्यालय तक नारे लगाते हुई रैली निकाली और अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि संतोष वर्मा के बयान ने न केवल समाज की बेटियों का अपमान किया है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी ठेस पहुंचाई है। ज्ञापन में समाजजनों ने कहा कि ब्राह्मण समाज देश की सामाजिक-धार्मिक परंपराओं का संवाहक रहा है। राष्ट्र और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। ऐसे समाज की बेटियों को लेकर आईएएस अधिकारी की ओर से अमर्यादित टिप्पणी करना

अपमानजनक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि आईएएस अधिकारी सामान्यत: संवेदनशील और जिम्मेदार पदाधिकारी होते हैं, ऐसे में संतोष वर्मा के कथित तौर पर सोच-समझकर कही गई बात और भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। समाज ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणी किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर कानून का भय स्थापित करने की मांग की। साथ ही समाज ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अबसर पर महादेव चौवे, दिनेश मिश्रा,अखिलेश पंडा,राजेश चतुर्वेदी,श्याम चतुर्वेदी, शिवकांत शर्मा,मनोज गंगेले, पंकज मिश्रा, मनोज चौवे,शशिकांत भार्गव,राम किशोर पटेरिया,राहुल शेषा, संजीव चौवे,नीलेश दुवे,संतोष लिटोरिया, हिमांशु पुरोहित, आशीष मिश्रा, सर्वेश्वर तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज का ज्ञापन

अशोकनगर। आईएएस संतोष वर्मा के कथिन बयान के विरोध में गुरूवार को ब्राह्मण समाज द्वारा एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जाएगा। समाज के लोगों ने अपील की है कि इस ज्ञापन में ब्राम्हण समाज के बंधु बड़ी संख्या में एकत्रित हो और वर्मा के बयान का विरोध दर्ज करते हुए ज्ञापन को सफल बनाये। यह ज्ञापन ब्राह्मण समाज द्वारा गुरूवार दोपहर दो बजे दिया जावेगा।

नेत्र शिविर में 123 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। करुणा निधि सेवा समिति के तत्वाधान में आनंदपुर लटेरी के सहयोग से विगत दिवस विशाल नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। जिसमें नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की आंखो की जांच करते हुए उन्हें उचित परामर्श देते हुए दवाईयां दी। तो वहीं इस निशुल्क नेत्र शिविर में करीब 215 मरीजों ने अपना पंजीयन कराया और आंखो की जांच कराई। जिनमें 125 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें समिति द्वारा बस के माध्यम से ऑपरेशन के लिए लटेरी अस्पताल भेजा गया। वहीं समिति द्वारा उनके आने जाने से लेकर रहने और भोजन की व्यवस्था की गई।

इस शिविर में रोटरी क्लब का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष पारस जैन, सचिव रामबली सिंह डगोरा, उपाध्यक्ष लकी शर्मा, बीडी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

13 वर्षीय बालिका को रतलाम से किया दस्तयाब

बालिका को ले जाने वालों को भेजा जेल

कचनार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कचनार को बड़ी सफलता हाथ लगी जब उसने 13 साल 10 माह की नाबालिग बालिका को आलोट जिला रतलाम से किया दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

उल्लेखनीय है कि 19 नबंवर 2025 को फरियादी द्वारा थाना कचनार में आकर अपनी 13 साल 10 माह नाबालिक बालिका की अपहृत होने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना कचनार में अपराध क्रमांक 246/2025 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता देखते हुये पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कचनार द्वारा अपहृता की पतारसी हेतु टीम गठित कर सायबर सेल से प्राप्त तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग की पतारसी शुरू की ऑपरेशन मुस्कान के तहत 25 नबंवर को नाबालिग अपहृता को आलोट जिला रतलाम से सकुशल संदेही के कब्जे से दस्तयाब किया कर आरोपी संजीव ऊर्फ बाबा पुत्र मलखान नागर (नट) उम्र 24 साल निवासी ग्राम लाखाखेड़ी थाना कचनार एवं अर्जुन पुत्र मुन्नालाल आदिवासी उम्र 28 साल निवासी ग्राम गल्फराखेडी थाना कुरवाई जिला विदिशा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त किया गया। आरोपियों को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, सहायक उप निरीक्षक गौरीशंकर ओझा, प्रधान आरक्षक आनंद सोलंकी, आशीष, चन्द्रभान सिंह, आरक्षक अखलेश, राजीव शर्मा, दिनेश बारेला, अंगार सिंह, महिला आरक्षक मालती की सराहनीय भूमिका रही। वहीं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

बालश्रम पर बड़ी कार्रवाई, 5 बालश्रमिक छुड़ाए

जिला बाल श्रम टास्क फोर्स ने की कार्रवाई

होटल, बेकरी और स्टील दुकान पर की कार्यवाहीं

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला बाल श्रम टास्क फोर्स की टीम द्वारा बुधवार को नगर पालिका के पास विदिशा रोड पर स्थित जिया स्टील एंड फेब्रिकेशन, इफ्रा होटल एवं लक्की बेकरी पर निरीक्षण कर कार्यवाही की गई। इस दौरान 05 कुमार श्रमिक(14 वर्ष से 18 वर्ष के बीच) एवं 01 बाल श्रमिक कार्यरत पाये गये। टीम ने नियोजक के विरूद्ध बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया एवं बच्चों को बालश्रम से विमुक्त किया। विमुक्त कराये गये बालकों से होटल में सर्विस करने,प्लेट साफ करने आदि कार्य कराये जाना पाया गया। इसके साथ ही फैब्रिकेशन के नियोजन में कार्यरत बाल श्रमिक से उक्त अधिनियम की धारा 3 अनुसूची क में

प्रतिबंधित नियोजन- धातुओं की घिसाई जो कि खतरनाक इलेक्ट्रानिक मशीन से की जा रही थी। जिला बालश्रम टास्क फोर्स की टीम में श्रम विभाग से जिला सहा. श्रम अधिकारी सुरभि रघुवंशी, महिला एवं बाल विकास से संरक्षण अधिकारी आशीष शर्मा, शिवकुमार नरवरिया, विशेष किशोर पुलिस ईकाई से मनोज कुमार रजक एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन से विपिन रघुवंशी (डिस्ट्रिक कॉडिनेटर), रघुकुल सेवा समिति से मनीष रघुवंशी, जय गुरुदेव संस्थान से हरवेंद्र शर्मा कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम 1986 की धारा 3 एवं धारा 3 (ए) के उल्लंघन की स्थिति में यदि बाल या किशोर नियोजन पाया जाता है तो संबंधित नियोजक के विरूद्ध 50,000 रूपये तक का जुर्माना एवं 2 वर्ष तक कारावास या दोनो से दण्डितत किया जाने का प्रावधान है।

संविधान दिवस पर अहिरवार समाज के जिलेभर में हुए आयोजन

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। संविधान दिवस के अवसर पर अहिरवार समाज संघ के बैनर तले जिले की सभी तहसीलों एवं ग्रामों में संविधान दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में समाजसेवियों, युवाओं तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रमों में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त भारतीय संविधान की रक्षा, सर्व समाज का सम्मान,समाज में भाईचारा बढ़ाने, भेदभाव एवं कुरीतियों को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष रवि मोहने ने युवाओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया तथा समाज में जागरूकता और सद्भाव बढ़ाने पर बल दिया। उनकी प्रेरणा से सोनू, अजय, श्याम, दीपक, संजय, विवेक तथा अन्य युवाओं ने जीवन भर नशा न करने की शपथ ली। नेतृत्व में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मोहर सिंह चौधरी, हन्नाम सिंह , चिमन सिंह कुड़ई कन्हैयाराम, गजराज सिंह, करण सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मदद | **कुपोषण से मुक्ति अभियान में की गई सहायता**

जैन समाज व थूबोन कमेटी ने दिया 14 लाख का चैक

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी पहुंचकर जैनाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के समक्ष जिले को कुपोषण से मुक्ति करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी थी। इसके साथ ही उन्होंने पूज्यश्री का आशीर्वाद लिया। वहीं मुनि पुंगव द्वारा कुपोषित बच्चो को पोषण आहार उपलब्ध करने हेतु दान दाताओं की लाइन लग गई। बुधवार को जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन को थूबोन कमेटी द्वारा और जैन समाज द्वारा 14 लाख रूपये का चैक देते हुए सहयोग किया।

इस अवसर पर पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा तो एक चींटी की रक्षा करने का उपदेश देती है फिर तो संगी पंचेन्द्रीय मनुष्य की बात है कल ये बच्चे देश का भविष्य बनेंगे, आपके जिला कलेक्टर आदित्य सिंह आयें थे और उन्होंने

जिले में छोटे-छोटे बच्चों में कुपोषण की बात रखी थी।

हमारा भाव है देश में एक भी बच्चा कुपोषण नहीं होना चाहिए कम से कम हम जिस जिले में बैठे हैं जिले को कोई भी बालक- बालिका कुपोषण ना रहे। इस हेतु जैन समाज को मुक्त हस्त से सहयोग करना है।